दिन– शनिवार दिनांक– 09 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की शपथ ली। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शपथ ग्रहण में हुए शामिल।

02 लोकभवन ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक सत्र सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी सहमति के आधार पर मामलों का हुआ निपटारा।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गया, औरंगाबाद और रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आज कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित एक समारोह में पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली। राज्यपाल आर एन रवि ने मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ–साथ कई केंद्रीय मंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित थे। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने शुभेन्दु अधिकारी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी है।

---

नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि शहरों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर करना उनकी प्राथमिकता होगी। पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भविष्य को देखते हुए शहरों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

––साउंड बाइट––

लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता हर खेत तक पानी पहुंचाने की है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि विभागीय चुनौतियों को अवसर में बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की लोगों के प्रति जवाबदेही तय की जाएगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जो भी गलत करेंगे, उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। लोकभवन ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को लिखे पत्र में कार्ययोजना की रूप–रेखा मांगी है। लोकभवन ने कहा है कि जून महीने में सभी विश्वविद्यालयों के अकादमिक सत्र की भी समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा विश्वविद्यालयों को वित्तीय स्थिति भी अद्यतन रखने के निर्देश दिये गए हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्र सरकार ने मंत्रिमंडल सचिवालय के विशेष सचिव के. के. पाठक को बिहार में नियम कानूनों को सरल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्हें पुराने कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से शुरू किये गए डी–रेग्यूलेशन के दूसरे चरण के तहत लंबित मामलों को निपटाकर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया है। इस सिलसिले में उन्होंने राज्य के वरीय अधिकारियों के साथ पटना में उच्च स्तरीय बैठक भी की है।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया। पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने पटना व्यवहार

न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत का उद्‌घाटन किया। लोक अदालतों में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये गए। पहली बार लोक अदालत में ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की भी सुनवाई की गई। लोक अदालतों में नब्बे दिन से अधिक पुराने ट्रैफिक चालान से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए अलग पीठ का गठन किया गया था। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि अररिया में एक हजार दो सौ सत्ताईस, शेखपुरा में पांच सौ पैंतालीस और शिवहर में दो सौ सत्तासी मामलों का निष्पादन किया गया। सुपौल में ट्रैफिक चालान से जुड़े एक सौ तिरेसठ से अधिक मामलों का निपटारा किया गया।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की इन योजनाओं का उद्देश्य सभी को विशेष रूप से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।

————————————————————————————

शिक्षक नियुक्ति के चौथे चरण की परीक्षा का विज्ञापन शीघ्र प्रकाशित किये जाने की मांग को लेकर कल पटना में हुए विरोध प्रदर्शन के मामले में पांच हजार छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। गांधी मैदान थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभ्यर्थियों पर ट्रैफिक बाधित करने, विधि व्यवस्था भंग करने और पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने का आरोप है।

————————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को युवाओं की कोई परवाह नहीं है। इधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बिहार सरकार पर युवाओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार देने की जगह सिर्फ सत्ता बचाने और राजीनतिक समीकरण साधने में जुटी है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से बारिश का सिलसिला जारी है। आज गया, नवादा, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। रोहतास जिले में कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर में सबसे अधिक इक्यावन दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना में एक सौ पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा के साथ बारिश हुई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

'सोमनाथ अमृतपर्व' का आधिकारिक रूप से कल से शुभारंभ हो गया है। यह मंदिर के पुनर्निर्माण की पचहत्तरवीं वर्षगांठ का प्रतीक है। पांच दिन के इस उत्सव ने मंदिर परिसर को वैदिक मंत्रों और दिव्य ऊर्जा के केंद्र में बदल दिया है। ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

——रिपोर्ट——

सोमनाथ महादेव मंदिर में आज आस्था और भक्तिमय वातावरण छाया हुआ है।मंदिर में आज से ही तीन दिवसीय होमात्मक महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है , जिसमें लगभग सवा लाख आहुतियां अर्पित की जाएंगी। इस महायज्ञ वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति और मानव कल्याण के लिए आयोजित किया जा रहा है। अमृतपर्व का मुख्य आकर्षण 11 मई को होगा, जब मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 11 पवित्र तीर्थों के जल से कुंभाभिषेक किया जाएगा। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोनेदृकोने से श्रद्धालुओं का सैलाब सोमनाथ उमड़ रहा है। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने आज सोमनाथ में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की और सोमनाथ अमृत पर्व की आयोजन की समीक्षा की। अपर्णा खूंट आकाशवाणी समाचार अहमदाबाद।

————————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। राजधानी पटना में आयोजित राजकीय समारोह में मंत्री लेसी सिंह और रामकृपाल यादव समेत कई गणमान्य लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

————————————————————————————

भागलपुर जिले के सुल्तानगंज नगर परिषद कार्यालय में पिछले दिनों अपराधियों की गोलीबारी में घायल सभापति राजकुमार गुड्डु का आज पटना में निधन हो गया। उनका पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गौरतलब है कि अपराधियों की गोलीबारी में कार्यपालक पदाधिकारी कृष्ण भूषण कुमार की भी मौत हो गयी थी।

—————————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के ढाका प्रखंड अंतर्गत बड़हरवा फतेह मोहम्मद गांव में एक दुकान में आग लग जाने से दो बच्चों समेत तीन लोगों झुलसकर मौत हो गई। घटना में दो लोग घायल हो गए।

—————————————————————————

अररिया आरएस थाना क्षेत्र स्थित एक किराना गोदाम में आग लग जाने से लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

—————————————————————————

कटिहार रेलवे स्टेशन पर खीरे को हरे रंग में डुबोकर बेचने के वायरल वीडियो के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने नौ महिला हॉकरों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

आईआईटी, पटना परिसर में क्रिकेट खेलते समय करंट लगने से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक छात्र तेलंगाना का रहने वाला था।

—————————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर टाउन थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ हेराईन के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के कन्हौली थाना क्षेत्र से पुलिस ने सात किलो ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

पटना के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने नशीला इंजेक्शन बेचने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किये गये हैं।

—————————————————————————

सुपौल जिले की एसएसबी सीमा चौकी निओर ने स्थानीय पुलिस की मदद से भारत–नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से दो महिलाओं को नेपाली शराब और एक लाख आठ हजार भारतीय रूपये के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

भागलपुर के विक्रमशिला सेतु पर आवागमन बंद होने के कारण लगातार लग रहे जाम को देखते हुए मुंगेर के तारापुर नगर पंचायत में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

———————————————————————

जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने स्केटिंग प्रतियोगिता के विजेता लव और कुश को आज सम्मानित किया।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की शपथ ली। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शपथ ग्रहण में हुए शामिल।

02 लोकभवन ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों को शैक्षणिक सत्र सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाने का दिया निर्देश।

03. पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन। आपसी सहमति के आधार पर मामलों का हुआ निपटारा।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से गया, औरंगाबाद और रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।